Synergy

BSES
BSES Yamuna Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

सितंबर – अक्टूबर, 2011

बीएसईएस की ओर से सभी उपभोक्ताओं को दुर्गा पूजा, दशहरा और दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

बीवाईपीएल को नैशनल अवॉर्ड

इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट एंड वर्क्स अकाउंट्स ऑफ इंडिया – आईसीडब्लूएआई – के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों के प्राइवेट – सर्विस सेक्टर लार्ज की श्रेणी में बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड को दूसरा पुरस्कार मिला है। विज्ञान भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्री माननीय डॉ वीरप्पा मोइली ने बीवाईपीएल के सीईओ श्री रमेश नारायणन को सम्मानित किया। इस मौके पर कॉरपोरेट अफेयर्स राज्य मंत्री माननीय श्री आरएसपी सिंह और मंत्रालय के सचिव आईएएस अधिकारी श्री डीसी मित्तल भी मौजूद थे। उनके अलावा, बड़े पैमाने पर सरकारी अधिकारी और कॉरपोरेट सेक्टर के दिग्गज भी वहां उपस्थित थे।

कंपनी की ओर से सीईओ श्री रमेश नारायणन और सीएफओ श्री सुशील अग्रवाल ने पुरस्कार ग्रहण किया।

अमर उजाला नई दिल्ली बुधवार 31 अगस्त 2011

सबसे सस्ती दिल्ली की बिजली : हारुन

नई दिल्ली। ऊर्जा मंत्री हारुन यूसुफ ने कहा है कि डीईआरसी स्वतंत्र संस्था है। बिजली कीमत वहीं तय करती है। निजीकरण से हुआ है। नोएडा और गुड़गांव में 18 घंटे तक बिजली जनरेटर वालों से 15 रुपये प्रति यूनिट भुगतान करके लेना पड़ा है, यहां ऐसे हालात नहीं हैं। कीमतें बढ़ाने के पीछे तर्क दिया कि 130 फीसदी ईंधन, 58 फीसदी उपभोक्ता मूल्य सूचीकांक बढ़ा है। जो 21.77 फीसदी कीमत बढ़ाई गई है वह वार्षिक सिर्फ 3.6 फीसदी है क्योंकि छह साल बाद कीमतें बढ़ी हैं। फिर भी 200 यूनिट तक मासिक बिजली खर्च करने वालों को सरकार प्रति यूनिट 1 रुपये की सब्सिडी देगी। इससे 66 फीसदी उपभोक्ताओं को फायदा मिलेगा।

उन्होंने बताया कि दिल्ली में 300 यूनिट तक बिजली की कीमत 3.70, मुंबई में 4.86, कलकत्ता में 4.84, बंगलोर में 4.49 रुपये है। इसी तरह से 500 यूनिट तक खर्च करने वालों को दिल्ली में 4.41, मुंबई में 6.50, कलकत्ता में 5.50 और बंगलोर में 4.70 रुपये खर्च करने पड़ते हैं। यानी सबसे सस्ती है। छह बार पेट्रोल, डीजल की कीमतें बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि कोई सरकार नहीं चाहती कि कीमतें बढ़े। बहुत सारे कठोर निर्णय ऐसे होते हैं कि सिस्टम को चलाना है तो लेना पड़ेगा। डीईआरसी ने ऑडिट की बात कही है तो वह होना चाहिए। बीआरपीएल 8.77 लाख, बीवाईपीएल 5.25 लाख, एनडीपीएल के 5.75 लाख उपभोक्ताओं को सरकार की 200 यूनिट तक सब्सिडी का फायदा मिलेगा।

कम बिजली खपत वालों की सब्सिडी जारी रहेगी

और भी हैं कूल आईडियाज



- कम टीवी देखें। लिफ्ट के बदले सीढ़ियों का इस्तेमाल करें – अर्जुन एस दासन, एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, मयूर विहार
- सौर और वायु उर्जा का उपयोग करें। जब जरूरी न हो, बिजली ऑफ कर दें – डीएन जोशी, मयूर विहार
- बिजली बचत के बारे में सभी कक्षाओं में अलग से एक चैप्टर होना चाहिए। अधिक स्टार रेटिंग वाले उपकरण खरीदें – आशिफ अली, नेहरू विहार, करावल नगर
- बिजली बिल घटाने और फिट रहने के लिए लिफ्ट का उपयोग करने के बदले सीढ़ियों का इस्तेमाल करें। किराये पर घर लेने समय देखें कि प्राकृतिक रोशनी और हवा की गुंजाइश है या नहीं – शाइवी और रितिका मीणा, स्टूडेंट, एल्कॉन पब्लिक स्कूल, मयूर विहार
- सीएफएल का इस्तेमाल करें और अपने एसी को 25 या 26 डिग्री के तापमान पर सेट करें – पूनम त्यागी, विजय पार्क, यमुना विहार
- हमें एक ही रूम में बैठना चाहिए और अधिक से अधिक सौर उर्जा कर उपयोग करना चाहिए – आसिम खान, बस्ती छोटे, रामकलां मोहल्ला, दरियागंज
- पंखों और बल्ब आदि की जरूरत न होने पर, उन्हें ऑफ कर दें। मोनिका, वेस्ट ज्योति नगर, शाहदरा
- एलईडी का उपयोग करें। आप 30 प्रतिशत तक बिजली की बचत कर सकते हैं– ग्रीन फील्ड स्कूल, दिलशाद गार्डन
- सोलर एनर्जी से चलने वाले उपकरणों का हमें उपयोग करना चाहिए ताकि बिजली की बचत की जा सके – साक्षी ठाकरे, पॉकेट सी, मयूर विहार
- बिजली का समझदारी के साथ उपयोग करें। प्राकृतिक रोशनी का इस्तेमाल किया जाए – तरूण कुमार, पांडव नगर
- बिजली का उपयोग हमें तभी करना चाहिए, जब उसकी जरूरत हो – प्रियंका शर्मा, बाल भवन पब्लिक स्कूल, आईटीओ

बीवाईपीएल उपभोक्ताओं को कम कीमत पर मिलेगी ईएलएमसीबी

अपने 12 लाख उपभोक्ताओं की सुरक्षा के मद्देनजर बीवाईपीएल ने नामी कंपनी लार्सन एंड टब्रो – एलएंडटी – के साथ समझौता किया है। इसके तहत, बीवाईपीएल उपभोक्ताओं को कम कीमत पर अर्थ लीकेज मिनिएचर सर्किट ब्रेकर यानी ईएलएमसीबी उपलब्ध कराया जागा। ताकि उपभोक्ताओं को दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें और वे कागजी कार्रवाई में न उलझें, इसलिए कंपनी ने यह सुविधा भी उपलब्ध कराई है कि जो उपभोक्ता ईएलएमसीबी लगवाएंगे, उनके बिल में ईएलसीबी की कीमत को ऑटो डेबिट कर दिया जाएगा। और बिल के माध्यम से भी उपभोक्ता, सुरक्षा संबंधी इस उपकरण की कीमत का भुगतान कर पाने में सक्षम होंगे।

जिन उपभोकताओं के लोड 5 किलोवॉट से अधिक हैं, वे इस सेवा का लाभ उठा सकते हैं। 399–99–808 डायल करें, अपने नजदीकी कस्टमर केयर सेंटर से संपर्क करें और एलएंडटी के अधिकृत डीलर मैक्स इंजीनियरिंग एंड कंपनी को लिखित में अपनी सहमति दें। उसके बाद, उनके प्रतिनिधि आपसे संपर्क करेंगे।

हम सुन रहे हैं ... डायल करें बीवाईपीएल – 399–99–808